**श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय**
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४६१६६
**Sri Dev Suman Uttarakhand University**
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः– 8150 / प्रशासन / एसडीएसयूयी / 2023 दिनांकः 15 दिसम्बर, 2023

पत्र प्राप्ति सं० 719 दिनांक 16/12/2023

सेवा में,

1. निदेशक,
पं०ल०मो०शर्मा परिसर, ऋषिकेश।

2. प्राचार्य,
समस्त राजकीय / अशासकीय महाविद्यालय / निजी शिक्षण संस्थान,
सम्बद्ध
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

विषय– श्रीनाथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सातवां अन्तराष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव, जमशेदपुर, 2023 में सहभागिता हेतु आमन्त्रतण पत्र।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के पत्र दिनांक 28 नवम्बर, 2023 की प्रति संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया पत्र में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कार्यालय प्रति।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

College Whatsapp ग्रुप / Website में प्रसारण हेतु।
16.12.2023

Srinath
University
Jamshedpur, Jharkhand
Recognised by UGC

Jon Geography
Director, all Institutes
15/12/2023

दिनांक : २८.११.२०२३
पत्रांक : SU/SHM/2023/0243

सेवा में,
कुलसचिव
श्री देव सुमन विश्वविद्यालय
टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड

विषय : श्रीनाथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **"७ वां अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव, जमशेदपुर, २०२३"** में **सहभागिता** हेतु आमंत्रण पत्र।

महोदय / महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के प्रांगण में **"७ वां अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव, जमशेदपुर, २०२३"** का आयोजन **२१, २२ तथा २३ दिसंबर, २०२३** को किया जा रहा है।

हिन्दी सेवियों और विशारदों की सृजनात्मक और सकारात्मक ऊर्जा एक स्थान पर एकत्रित करने के हमारे प्रयास द्वारा महोत्सव में हिन्दी के गणमान्य साहित्यकार तथा विविध क्षेत्रों के कोविद अपने भावपूर्ण विचारों और ओजस्वी वक्तव्य से इस महोत्सव की गरिमा बढ़ाएंगे। हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम और आकर्षण से प्रेरित प्रतिभागियों के लिए यह एक उच्च स्तरीय व्यापक मंच है। महोत्सव की सुप्रसिद्धि को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कार्यक्रम अधिक विविध, व्यापक और रोचक बनाए गए हैं। इसमें विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी प्रतियोगिताएँ रखी गई हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमें आपका सानिध्य तथा सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

भवदीय,


Gobind Mahto

**डॉ. गोविन्द महतो**
कुलपति,
श्रीनाथ विश्वविद्यालय,
आदित्यपुर, जमशेदपुर, झारखण्ड

**संलग्नक : कार्यक्रम विवरणिका**
विशेष : प्रतिभागियों की सूची १५ दिसम्बर, २०२३ तक विश्वविद्यालय के पास अवश्य भेजने की कृपा करें। विशेष जानकारी एवं नामांकन हेतु हमारे वेबसाईट **www.srinathuniversity.ac.in** पर जाएँ अथवा 9716749683, 7033951333, 8294063225 पर संपर्क करें।



अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव



साहित्य-सरिता के स्वच्छन्द प्रवाह सदृश्य यह अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव 2023 हमेशा की तरह निरंतर प्रवाहित होने को पुनः आतुर है। जहाँ स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर से आए हिन्दी सेवियों द्वारा विचार विनिमय की पराकाष्ठा दृष्टिगोचर होगी। विविध साहित्यिक एवं वैचारिक कार्यक्रम इस महोत्सव को अनूठा बनाते हैं। हिन्दी भाषा को वैश्विक स्तर तक पहुँच बनाने के इन्हीं संकल्पनाओं से सुसज्जित यह महोत्सव पूरी प्रतिबद्धता के साथ पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। हिन्दी महोत्सव के सातवें संस्करण में श्रीनाथ परिवार आप सभी हिन्दी प्रेमियों के स्वागत के लिए तत्पर है। तो आइये एक बार पुनः इस ज्ञान गंगोत्री में डुबकी लगा कर अपनी राजभाषा हिन्दी के प्रति सम्मान प्रकट करें।

-सुखदेव महतो

कुलाधिपति, श्रीनाथ विश्वविद्यालय

आयोजक

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय

यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त | एआईसीटीई एवं पीसीआई द्वारा अनुमोदित

आदित्यपुर, जमशेदपुर (झारखण्ड) 831013

फोन : 9716749683/ 7033951333/ 8294063225

ईमेल : hindimahotsav@srinathuniversity.ac.in

पंजीयन हेतु स्कैन करें

श्रीनाथ विश्वविद्यालय

# ७वाँ अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव





कलम, आज उनकी जय बोल!

जमशेदपुर-२०२३

२१-२३ दिसम्बर २०२३

"साहित्य • संस्कृति • शिक्षा • सृजन • संगीत"

आयोजक :

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय

यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त

एआईसीटीई एवं पीसीआई द्वारा अनुमोदित


आदित्यपुर, जमशेदपुर, झारखण्ड

# तृतीय दिवस | २३ दिसम्बर २०२३ (शनिवार)

## चिंतन–मनन

विषय : न्यायिक प्रक्रिया में हिन्दी भाषा की उपयोगिता

११.३० – १२.३० बजे अपराह्न



### वाक् चातुर्य

- प्रत्येक महाविद्यालय / विश्वविद्यालय से १ प्रतिभागी
- दर्शाए गए मूक चलचित्र पर एक टीका–टिप्पणी की प्रस्तुति
- अधिकतम प्रतिभागियों की संख्या १५
- समय सीमा २ मिनट

...पूर्वा

### रेडियो श्रीनाथ

- प्रत्येक महाविद्यालय / विश्वविद्यालय से २ प्रतिभागियों का १ दल
- दल चयनित पड़ाव के अनुसार प्रेम–पत्र लिखेंगे, जो प्रतियोगिता स्थल पर दी जाएगी
- प्रतियोगिता २ चरणों में सम्पादित, प्रथम चरण में पत्र लेखन, समय सीमा १ घंटा
- द्वितीय चरण में पत्र वाचन, समय सीमा ४ मिनट
- अधिकतम प्रतिभागी दलों की संख्या १५



१०.३० पूर्वा (कक्ष सं ११३)
(प्रथम चरण)
१२.३०–१.३० बजे अप.
(अंतिम चरण) मुख्य मंच



### कहानी से कविता तक


- प्रत्येक महाविद्यालय / विश्वविद्यालय से १ प्रतिभागी
- कहानी को कविता के रूप में लिखेंगे
- कहानी प्रतियोगिता स्थल पर दी जाएगी
- समय सीमा १ घंटा ३० मिनट

...० बजे अप.
...स. ११२

### लघु नाटिका : अंतिम चरण

- प्रारम्भिक चरण से चयनित ६ दल ही अंतिम चरण में भाग लेंगे
- समय सीमा ८ मिनट





### पुरस्कार वितरण

२.३० - ४.३० बजे अप.
मुख्य मंच पर

## कार्यक्रम समय सारणी

### प्रथम दिवस : २१ दिसम्बर २०२३

| समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| ...०-१.०० बजे अप. | उद्घाटन सह चिंतन-मनन | मुख्य मंच |
| ...१-२.०० बजे अप. | हास्य कवि सम्मेलन | मुख्य मंच |
| ...०-२.०० बजे अप. | प्रश्नोत्तरी: प्रथम चरण | कक्ष सं. ११२ |
| ...३० - ३.०० बजे अप. | दीवार सज्जा | चहारदीवारी पर |
| ...०० - ३.०० बजे अप. | मुद्दे हमारे विचार आपके | मुख्य मंच |
| ...०० - ३.०० बजे अप. | साहित्यिक कृति | विश्वविद्यालय परिसर |
| २.०० - ३.०० बजे अप. | मुखड़े पर मुखड़ा | वि.वि. सभागार |
| ३.०० - ४.०० बजे अप. | सम्पादकीय लेखन | कक्ष सं. ११३ |
| ३.०० - ४.०० बजे अप. | चित्रों कहानी | कक्ष सं. १०८ |
| ३.०० - ४.०० बजे अप. | व्यक्तित्व झांकी | मुख्य मंच |

### द्वितीय दिवस : २२ दिसम्बर २०२३

| समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| १०.३०-११.३० बजे पूर्वा. | चिंतन-मनन | मुख्य मंच |
| ११.३० - १२.३० बजे अप. | दंगल | मुख्य मंच |
| ११.३० - १२.३० बजे अप. | हिन्दी टंकण | आई.सी.टी. कक्ष |
| १२.३० - १.३० बजे अप. | नृत्य नाटिका | मुख्य मंच |
| १२.३० - १.३० बजे अप. | भाषा रूपांतरण | कक्ष सं. ११२ |
| १.३० - २.३० बजे अप. | विज्ञापन रचना | मुख्य मंच |
| १.३० - ३.०० बजे अप. | साहित्य के रंग | वि.वि. गलियारा |
| १.३० - ३.०० बजे अप. | लघु नाटिका: प्रथम चरण | वि.वि. सभागार |
| २.३० - ४.३० बजे अप. | प्रश्नोत्तरी: अंतिम चरण | मुख्य मंच |
| ४.३० - ५.०० बजे अप. | वृत्तचित्र एवं रील्स संचार | आई.सी.टी. कक्ष |

### तृतीय दिवस : २३ दिसम्बर २०२३

| समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| १०.३०-११.३० बजे पूर्वा. | रेडियो श्रीनाथः प्रथम चरण | कक्ष सं. ११३ |
| १०.३०-११.३० बजे पूर्वा. | वाक् चातुर्य | मुख्य मंच |
| ११.३०-१२.३० बजे अप. | चिंतन-मनन | मुख्य मंच |
| १२.३०-२.०० बजे अप. | कहानी से कविता तक | कक्ष सं. ११२ |
| १२.३०-१.३० बजे अप. | रेडियो श्रीनाथः अंतिम चरण | मुख्य मंच |
| १.३० - २.३० बजे अप. | लघु नाटिका | मुख्य मंच |
| २.३० - ४.३० बजे अप. | पुरस्कार वितरण | मुख्य मंच |

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय : संक्षिप्त परिचय

झारखण्ड के सुदूर वनाच्छादित ग्रामीण क्षेत्रों तक ज्ञान के प्रकाश को घर-घर पहुँचाने के लिए संध्या शम्भु एजुकेशनल ट्रस्ट ने सर्वप्रथम श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन, तदोपरांत श्रीनाथ विश्वविद्यालय की स्थापना किया। प्रबंधन की बहुआयामी दृष्टिकोण का प्रतिफल श्रीनाथ विश्वविद्यालय, राष्ट्र के युवाओं हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीनाथ विश्वविद्यालय झारखण्ड राज्य के सरायकेला-खरसावाँ जिले के आदित्यपुर नगर में टाटा-कांड्रा मार्ग पर अवस्थित है। यह यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई., एन.सी.टी.ई. एवं पी.सी.आई. से संबद्ध है जिसके तहत यहाँ शिक्षक-प्रशिक्षण के अतिरिक्त बीबीए, बीसीए, बीएससी, एमबीए, एमसीए, फार्मेसी, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी तथा अन्य डिप्लोमा, डिग्री के कोर्स भी करवाए जाते हैं। यहाँ के विद्यार्थी पठन-पाठन के अतिरिक्त सामुदायिक कार्यों में भी अपनी उपस्थिति समय-समय पर दर्ज करवाते रहे हैं। विश्वविद्यालय आधारभूत संरचना से युक्त है तथा कक्षा-कक्ष आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी, कार्यशाला एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव का आयोजन होता रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई शिक्षण-प्रशिक्षण एवं औद्योगिक संस्थानों से समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) कर चुका है। यहाँ योजनाबद्ध तरीके से विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा दी जाती है, जिससे आने वाले समय में वे स्वयं आत्मनिर्भर बनें साथ ही दूसरों को भी रोजगार देने के योग्य बन सके।

## कार्यक्रम सारणी :

**प्रथम दिवस : 21 दिसम्बर 2023**

**विषय : 'हिन्दी ज्ञान भाषा बनकर ही बच सकती है'**

**वक्ता :**
- **श्री मुकेश कुमार**, भा.प्र.से.
  निदेशक, अंकेक्षण, झारखण्ड
- **श्री रवि शंकर शुक्ला**, भा.प्र.से.
  उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ
- **श्री राहुल देव**
  वरिष्ठ पत्रकार एवं भाषाकर्मी, नई दिल्ली

**द्वितीय दिवस : 22 दिसम्बर 2023**

**विषय : 'स्त्री लेखन की लोकप्रियता'**

**वक्ता :**
- **श्रीमती ममता कालिया**
  वरिष्ठ साहित्यकार, नई दिल्ली
- **श्रीमती मधु कांकरिया**
  वरिष्ठ साहित्यकार, मुंबई
- **डॉ. संजीता वर्मा**
  विभागाध्यक्ष, हिन्दी केन्द्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, कीर्तिपुर, काठमांडू

**तृतीय दिवस : 23 दिसम्बर 2023**

**विषय : 'न्यायिक प्रक्रिया में हिन्दी भाषा की उपयोगिता'**

**मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता :**
- **न्यायमूर्ति डॉ. एस. एन. पाठक**
  उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची

## संक्षिप्त नियमावली

- प्रत्येक महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अपने प्रतिभागियों की सूची श्रीनाथ विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.srinathuniversity.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से ३० नवम्बर २०२३ से १५ दिसम्बर २०२३ तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
- सीमित प्रतिभागी वाले प्रतियोगिताओं में नामांकन का आधार 'पहले आओ पहले पाओ' होगा।
- प्रत्येक प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए ५०/- रु. शुल्क प्रति प्रतिभागी देय होगा।
- प्रत्येक महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के आधिकारिक प्रतिनिधि के द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रतिभागी सूची ही मान्य होगी।
- प्रतिभागियों का पंजीकरण ऑनलाईन / ऑफलाईन माध्यम से मान्य होगा। दोनों ही स्थितियों में प्रतियोगिता के दिन प्रतिभागियों को पंजीयन स्थल से सुबह १० बजे तक पंजीयन पर्ची प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- प्रतिभागी का प्रतियोगिताओं में प्रवेश 'पंजीकरण पर्ची' के द्वारा ही होगा।
- प्रतिनिधियों का प्रवेश आयोजकों द्वारा दिए गए 'प्रवेश पत्र' के द्वारा होगा।
- प्रतियोगिता स्थल पर केवल उस प्रतिभागी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय का पंजीयन होगा, जिन्होंने ऑनलाईन /ऑफलाईन पंजीयन के लिए निर्धारित तिथि १५ दिसम्बर २०२३ तक पंजीयन सुनिश्चित किया होगा।
- प्रतिभागी तथा प्रतिनिधि अपने महाविद्यालय / विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान-पत्र साथ लाएंगे, साथ ही वे एक पासपोर्ट साईज फोटो लाएंगे।
- पूर्व सूचना दिए जाने पर प्रतिभागियों तथा प्रतिनिधियों के रहने की व्यवस्था सशुल्क की जाएगी।
- विस्तृत जानकारी www.srinathuniversity.ac.in पर उपलब्ध है अथवा दूरभाष सं. : 9716749683/ 7033951333/ 8294063225 पर संपर्क कर सकते हैं।